# गणित

**(अध्याय – 8) (राशियों की तुलना)**
**(कक्षा – VII)**

## प्रश्नावली 8.1

**प्रश्न 1:**

अनुपात ज्ञात कीजिए:

(a) ₹5 का 50 पैसे से
(b) 15 kg का 210 g से
(c) 9 m का 27 cm से
(d) 30 दिनों का 36 घंटों से

**उत्तर 1:**

अनुपात ज्ञात करने के लिए दोनों राशियों को एक ही इकाई में होना चाहिए।

(a) ₹5 का 50 पैसे से

$\Rightarrow$ 5 x 100 पैसे का 50 पैसे [$\because$ ₹ 1 = 100 पैसे]

$\Rightarrow$ 500 पैसे का 50 पैसे

अतः, अनुपात = $\frac{500}{50} = \frac{10}{1}$ = 10 : 1

(b) 15 kg का 210 g से

$\Rightarrow$ 15 x 1000 g का 210 g [$\because$ 1 kg = 1000 g]

$\Rightarrow$ 15000 g का 210 g

अतः, अनुपात = $\frac{15000}{210} = \frac{500}{7}$ = 500 : 7

(c) 9 m का 27 cm से

$\Rightarrow$ 9 x 100 cm का 27 cm [$\because$ 1 m = 100 cm]

$\Rightarrow$ 900 cm का 27 cm

अतः, अनुपात = $\frac{900}{27} = \frac{100}{3}$ = 100 : 3

(d) 30 दिनों का 36 घंटों से

$\Rightarrow$ 30 x 24 घंटे का 36 घंटे [$\because$ 1 दिन = 24 घंटे]

$\Rightarrow$ 720 घंटे का 36 घंटे

अतः, अनुपात = $\frac{720}{36} = \frac{20}{1}$ = 20 : 1

**प्रश्न 2:**

एक कंप्यूटर प्रयोगशाला में 6 विद्यार्थियों के लिए 3 कंप्यूटर होने चाहिए। ज्ञात कीजिए कि 24 विद्यार्थियों के लिए कितने कंप्यूटरों की आवश्यकता होगी?

**उत्तर 2:**

$\because$ 6 विद्यार्थियों के लिए = 3 कंप्यूटर

$\therefore$ 1 विद्यार्थी के लिए = $\frac{3}{6}$ कंप्यूटर

$\therefore$ 24 विद्यार्थियों के लिए = $\frac{3}{6} \times 24$ = 12 कंप्यूटर

अतः, 24 विद्यार्थियों के लिए 12 कंप्यूटरों की आवश्यकता होगी।

**प्रश्न 3:**

राजस्थान की जनसंख्या = 570 लाख और उत्तर प्रदेश की जनसंख्या = 1660, राजस्थान का क्षेत्रफल = 3 लाख $km^2$ और उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल = 2 लाख $km^2$, ज्ञात कीजिए

(i) इन दोनों राज्यों में प्रति $km^2$ कितने व्यक्ति हैं?

(ii) किस राज्य की जनसंख्या कम घनी है?

**उत्तर 3:**

(i) राज्यों में व्यक्ति प्रति $km^2$ = $\frac{\text{राज्यों की जनसंख्या}}{\text{राज्य का क्षेत्रफल}}$

राजस्थान में व्यक्ति प्रति $km^2$ = $\frac{570 \text{ लाख}}{3 \text{ लाख } km^2} = 190$ व्यक्ति प्रति $km^2$

उत्तर प्रदेश में व्यक्ति प्रति $km^2$ = $\frac{1660 \text{ लाख}}{2 \text{ लाख } km^2} = 830$ व्यक्ति प्रति $km^2$

(ii) राजस्थान की जनसंख्या कम घनी है।

# गणित

**(अध्याय - 8) (राशियों की तुलना)**
**(कक्षा - VII)**

## प्रश्नावली 8.2

**प्रश्न 1:**
दी गई भिन्न संख्याओं को प्रतिशत में बदलो।

(a) $\frac{1}{8}$ (b) $\frac{5}{4}$ (c) $\frac{3}{40}$ (d) $\frac{2}{7}$

**उत्तर 1:**

(a) $\frac{1}{8} = \frac{1}{8}\times100\% = \frac{25}{2}\% = 12.5\%$

(b) $\frac{5}{4} = \frac{5}{4}\times100\% = 5 \text{ x } 25\% = 125\%$

(c) $\frac{3}{40} = \frac{3}{40}\times100\% = \frac{3}{2}\times5\% = \frac{15}{2}\% = 7.5\%$

(d) $\frac{2}{7} = \frac{2}{7}\times100\% = \frac{200}{7}\% = 28\frac{4}{7}\%$

**प्रश्न 2:**
दी गई दशमलव भिन्नो को प्रतिशत में बदलो।

(a) 0.65 (b) 2.1 (c) 0.02 (d) 12.35

**उत्तर 2:**

(a) $0.65 = \frac{65}{100}\times100\% = 65\%$

(b) $2.1 = \frac{2.1}{100}\times 100\% = 210\%$

(c) $0.02 = \frac{2}{100}\times100\% = 2\%$

(b) $12.35 = \frac{12.35}{100}\times 100\% = 1235\%$

**प्रश्न 3:**
अनुमान लगाइए कि आकृति का कितना भाग रंग दिया गया है और इस प्रकार ज्ञात कीजिए कि कितने प्रतिशत रंगीन है।



**उत्तर 3:**

(i) रंगीन भाग = $\frac{1}{4}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{1}{4}\times100\% = 25\%$

(ii) रंगीन भाग = $\frac{3}{5}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{3}{5}\times100\% = 60\%$

(iii) रंगीन भाग = $\frac{3}{8}$

$\therefore$ रंगीन भाग का प्रतिशत = $\frac{3}{8}\times100\% = \frac{3}{2}\times25\% = 37.5\%$

**प्रश्न 4:**

ज्ञात कीजिए:

(a) 250 का 15% (b) 1 घंटे का 1% (c) ₹2500 का 20% (d) 1 किग्रा का 75%

**उत्तर 4:**

(a) 250 का 15% $= \frac{15}{100} \times 250$ = 15 x 2.5 = 37.5

(b) 1 घंटे का 1% = 60 मिनट का 1% = (60 x 60) सेकेण्ड का 1%

$= \frac{1}{100} \times 60 \times 60$ = 6 x 6 = 36 सेकेण्ड

(c) ₹2500 का 20% $= \frac{20}{100} \times 2500$ = 20 x 25 = ₹ 500

(d) 1 किग्रा का 75% = 1000 g का 75% = $\frac{75}{100} \times 1000$ = 750 g = 0.750 किग्रा

**प्रश्न 5:**

संपूर्ण राशि ज्ञात कीजिए यदि:

(a) इसका 5%, 600 है। (b) इसका 12%, ₹1080 है। (c) इसका 40%, 500 km है।

(d) इसका 70%, 14 मिनट है। (e) इसका 8%, 40 लीटर है।

**उत्तर 5:**

प्रश्न के सभी भागों के लिए, माना संपूर्ण राशि = $x$

(a) $x$ का 5% = 600

$\Rightarrow \frac{5}{100} \times x = 600 \Rightarrow x = \frac{600 \times 100}{5}$ = 12,000

(b) $x$ का 12% = ₹1080

$\Rightarrow \frac{12}{100} \times x = 1080$

$\Rightarrow x = \frac{1080 \times 100}{12}$ = ₹ 9,000

(c) $x$ का 40% = 500 km

$\Rightarrow \frac{40}{100} \times x = 500$

$\Rightarrow x = \frac{500 \times 100}{40}$ = 1,250 km

(d) $x$ का 70% = 14 मिनट

$\Rightarrow \frac{70}{100} \times x = 14$

$\Rightarrow x = \frac{14 \times 100}{70}$ = 20 मिनट

(e) $x$ का 8% = 40 लीटर

$\Rightarrow \frac{8}{100} \times x = 40$

$\Rightarrow x = \frac{40 \times 100}{8}$ = 500 लीटर

**प्रश्न 6:**

दिए गए प्रतिशतों को साधारण व दशमलव भिन्नों में बदलो और अपने उत्तर को सरलतम रूप में लिखो।

(a) 25% (b) 150%

(c) 20% (d) 5%

**उत्तर 6:**

| S. No. | प्रतिशत | भिन्न | सरलतम रूप | दशमलव रूप |
|---|---|---|---|---|
| **(a)** | 25% | $\frac{25}{100}$ | $\frac{1}{4}$ | 0.25 |
| **(b)** | 150% | $\frac{150}{100}$ | $\frac{3}{2}$ | 1.5 |
| **(c)** | 20% | $\frac{20}{100}$ | $\frac{1}{5}$ | 0.2 |
| **(d)** | 5% | $\frac{5}{100}$ | $\frac{1}{20}$ | 0.05 |

**प्रश्न 7:**

एक नगर में 30% महिलाएँ, 40% पुरुष तथा शेष बच्चे हैं। बच्चों का प्रतिशत कितना है?

**उत्तर 7:**

दिया है: महिलाओं का प्रतिशत = 30%

पुरुषों का प्रतिशत = 40%

महिलाओं तथा पुरुषों का कुल प्रतिशत योग = 30 + 40 = 70%

इसलिए, बच्चों का प्रतिशत = कुल प्रतिशत – महिलाओं तथा पुरुषों का प्रतिशत

= 100% – 70% = 30%

अतः, बच्चों का प्रतिशत 30 है।

**प्रश्न 8:**

किसी क्षेत्र के 15,000 मतदाताओं में से 60% ने मतदान में भाग लिया। ज्ञात कीजिए कि कितने प्रतिशत ने मतदान में भाग नहीं लिया। क्या अब ज्ञात कर सकते हैं कि वास्तव में कितने मतदाताओं ने मतदान नहीं किया?

**उत्तर 8:**

कुल मतदाता = 15,000

मतदान में भाग लेने वाले मतदाताओं का प्रतिशत = 60%

मतदान ने न भाग लेने वाले मतदाताओं का प्रतिशत = 100 – 60 = 40%

मतदान न करने वाले मतदाताओं की संख्या = 15000 का 40%

$$= \frac{40}{100} \times 15000 = 6,000$$

अतः, 6,000 मतदाताओं ने मतदान नहीं किया।

**प्रश्न 9:**

मीता अपने वेतन में से ₹ 400 बचाती है। यदि यह उसके वेतन का 10% है, तब उसका वेतन कितना है?

**उत्तर 9:**

माना, मीता का कुल वेतन = ₹ $x$.

दिया है: वेतन का 10% = ₹ 400

$\Rightarrow$ $x$ का 10% = ₹ 400

$$\Rightarrow \quad \frac{10}{100} \times x = 400$$

$$\Rightarrow \quad x = \frac{400 \times 100}{10}$$

$\Rightarrow$ $x$ = 4,000

अतः, मीता का कुल वेतन ₹ 4,000 है।

**प्रश्न 10:**

एक स्थानीय क्रिकेट टीम ने एक सत्र में 20 मैच खेले। इनमें से उस टीम ने 25% मैच जीते। जीते गए मैच की संख्या कितनी थी?

**उत्तर 10:**

टीम द्वारा सत्र में खेले गए कुल मैच = 20

जीते हुए मैचों का प्रतिशत = 25%

इसलिए, जीते गए कुल मैच = 20 का 25%

$$= \frac{25}{100} \times 20$$

= 5

अतः, जीते गए मैचों की संख्या 5 है।

# गणित

**(अध्याय – 8) (राशियों की तुलना)**

**(कक्षा – VII)**

## प्रश्नावली 8.3

**प्रश्न 1:**

क्रय-विक्रय के निम्न सौदों में हानि या लाभ ज्ञात कीजिए। प्रत्येक दशा में प्रतिशत हानि या प्रतिशत लाभ भी ज्ञात कीजिए।

(a) बगीचे में काम आने वाली कैंची ₹ 250 में खरीदी गई तथा ₹ 325 में बेची गई।

(b) एक रेफ्रिजरेटर ₹12,000 में ख़रीदा गया और ₹13,500 में बेचा गया।

(c) एक अलमारी ₹2,500 में खरीदी गई और ₹3,000 में बेची गई।

(d) एक स्कर्ट ₹250 में खरीद कर ₹150 में बेची गई।

**उत्तर 1:**

(a) कैंची का क्रय मूल्य = ₹ 250

कैंची का विक्रय मूल्य = ₹ 325

क्योंकि, विक्रय मूल्य > क्रय मूल्य, इसलिए, उसे लाभ हुआ है।

$\therefore$ लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य = ₹325 – ₹250 = ₹ 75

तथा लाभ % = $\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{75}{250} \times 100 = 30\%$

अतः, लाभ = ₹75 और लाभ % = 30%

(b) रेफ्रिजरेटर का क्रय मूल्य = ₹ 12,000

रेफ्रिजरेटर का विक्रय मूल्य = ₹13,500

क्योंकि, विक्रय मूल्य > क्रय मूल्य, इसलिए, उसे लाभ हुआ है।

$\therefore$ लाभ = विक्रय मूल्य – विक्रय मूल्य = ₹13500 – ₹12000 = ₹1,500

तथा लाभ % = $\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{1500}{12000} \times 100 = 12.5\%$

अतः, लाभ = ₹1,500 और लाभ % = 12.5%

(c) अलमारी का क्रय मूल्य = ₹ 2,500

अलमारी का विक्रय मूल्य = ₹ 3,000

क्योंकि, विक्रय मूल्य > क्रय मूल्य, इसलिए, उसे लाभ हुआ है।

$\therefore$ लाभ = विक्रय मूल्य – क्रय मूल्य = ₹3,000 – ₹2,500 = ₹ 500

तथा लाभ % = $\frac{\text{लाभ}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{500}{2500} \times 100 = 20\%$

अतः, लाभ = ₹ 500 और लाभ % = 20%

(d) स्कर्ट का क्रय मूल्य = ₹ 250

स्कर्ट का विक्रय मूल्य = ₹ 150

क्योंकि, क्रय मूल्य > विक्रय मूल्य, इसलिए, उसे हानि हुई है।

$\therefore$ हानि = क्रय मूल्य – विक्रय मूल्य =₹250 – ₹150 = ₹100

तथा हानि % = $\frac{\text{हानि}}{\text{क्रय मूल्य}} \times 100$

$= \frac{100}{250} \times 100 = 40\%$

अतः, हानि = ₹ 100 और हानि % = 40%

## प्रश्न 2:

दिए गए प्रत्येक अनुपात के दोनों पदों को प्रतिशत में बदलिए।

(a) 3 : 1 (b) 2 : 3 : 5 (c) 1 : 4 (d) 1 : 2 : 5

### उत्तर 2:

(a) 3 : 1

कुल भाग = 3 + 1 = 4

इसलिए, भिन्न के रूप में अनुपात = $\frac{3}{4} : \frac{1}{4}$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = $\frac{3}{4} \times 100 : \frac{1}{4} \times 100$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = 75% : 25%

(b) 2 : 3 : 5

कुल भाग = 2 + 3 + 5 = 10

इसलिए, भिन्न के रूप में अनुपात = $\frac{2}{10} : \frac{3}{10} : \frac{5}{10}$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = $\frac{2}{10} \times 100 : \frac{3}{10} \times 100 : \frac{5}{10} \times 100$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = 20% : 30% : 50%

(c) 1 : 4

कुल भाग = 1 + 4 = 5

इसलिए, भिन्न के रूप में अनुपात = $\frac{1}{5} : \frac{4}{5}$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = $\frac{1}{5} \times 100 : \frac{4}{5} \times 100$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = 20% : 80%

(d) 1 : 2 : 5

कुल भाग = 1 + 2 + 5 = 8

इसलिए, भिन्न के रूप में अनुपात = $\frac{1}{8} : \frac{2}{8} : \frac{5}{8}$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = $\frac{1}{8} \times 100 : \frac{2}{8} \times 100 : \frac{5}{8} \times 100$

$\Rightarrow$ प्रतिशत के रूप में अनुपात = 12.5% : 25% : 62.5%

## प्रश्न 3:

एक नगर की जनसंख्या 25,000 से घटकर 24,500 रह गई। घटने का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

### उत्तर 3:

दिया है: नगर की जनसंख्या 25,000 से घटकर 24,500 रह गई।

जनसंख्या में कमी = 25,000 – 24,500 = 500

जनसंख्या में प्रतिशत कमी = $\frac{\text{जनसंख्या में कमी}}{\text{मूल जनसंख्या}} \times 100 = \frac{500}{25000} \times 100 = 2\%$

अतः, जनसंख्या 2% घट गई है।

## प्रश्न 4:

अरुण ने एक कार ₹3,50,000 में खरीदी। अगले वर्ष उसका मूल्य बढ़कर ₹3,70,000 हो गया। कार के मूल्य की प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए?

### उत्तर 4:

कार के मूल्य में वृद्धि = ₹ 3,70,000 – ₹ 3,50,000 = ₹ 20,000.

इसलिए, वृद्धि प्रतिशत = $\frac{\text{मूल्य में वृद्धि}}{\text{कार का क्रय मूल्य}} \times 100$

$$= \frac{20000}{350000} \times 100 = 5\frac{5}{7}\%$$

अतः, कर के मूल्य की प्रतिशत वृद्धि = $5\frac{5}{7}\%$.

## प्रश्न 5:

मैंने एक टी. वी. ₹10,000 में खरीद कर 20 प्रतिशत लाभ पर बेच दिया। मुझे बेचने पर कितना धन प्राप्त हुआ?

### उत्तर 5:

टी. वी. का क्रय मूल्य = ₹ 10,000

प्रतिशत लाभ = 20%

लेकिन, लाभ = क्रय मूल्य का 20 %

$$= \frac{20}{100} \times 10000 = ₹\ 2{,}000$$

विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ = ₹10,000 + ₹2,000 = ₹ 12,000

अतः, उसे कार टी. वी. बेचने पर ₹12,000 प्राप्त होंगे।

## प्रश्न 6:

जूही एक वाशिंग मशीन ₹13,500 में बेचने पर 20 प्रतिशत की हानि उठाती है। उसने वह मशीन कितने में खरीदी थी?

### उत्तर 6:

दिया है: वाशिंग मशीन का विक्रय मूल्य = ₹13,500

हानि प्रतिशत = 20%

माना, वाशिंग मशीन का क्रय मूल्य = ₹ $x$.

इसीलिए, हानि = क्रय मूल्य का हानि %

$\Rightarrow$ हानि = ₹ $x$ का 20% $= \frac{20}{100} \times x = \frac{x}{5}$

इसलिए, विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य – हानि

$$\Rightarrow 13500 = x - \frac{x}{5}$$

$$\Rightarrow 13500 = \frac{4x}{5}$$

$$\Rightarrow x = \frac{13500 \times 5}{4} = ₹16{,}875$$

अतः, जूही ने वाशिंग मशीन ₹16,875 में खरीदी थी।

**प्रश्न 7:**

(i) चाक-पाउडर में कैल्शियम, कार्बन और ऑक्सीजन का अनुपात 10:3:12 होता है। इसमें कार्बन की प्रतिशत मात्रा ज्ञात कीजिए।

(ii) चाक की एक छड़ी में यदि कार्बन की मात्रा 3 g है तब उसका कुल भार कितना होगा?

**उत्तर 7:**

(i) दिया गया अनुपात = 10 : 3 : 12

अनुपात का कुल भाग = 10 + 3 + 12 = 25

कार्बन का भाग = $\frac{3}{25}$

चाक-पाउडर में कार्बन की प्रतिशत मात्रा = $\frac{3}{25}\times 100 = 12\%$

(ii) चाक की छड़ी में कार्बन की मात्रा = 3 g

माना, चाक की छड़ी का कुल भार = $x$ g

इसलिए, $x$ का 12% = 3

$\Rightarrow \quad \frac{12}{100}\times x = 3 \quad \Rightarrow \quad x = \frac{3\times 100}{12} = 25$ g

अतः, चाक की छड़ी का कुल भार 25 g है।

**प्रश्न 8:**

अमीना एक पुस्तक ₹275 में खरीद कर उसे 15 प्रतिशत हानि पर बेचती है। पुस्तक का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए?

**उत्तर 8:**

पुस्तक का क्रय मूल्य = ₹275

प्रतिशत हानि = 15%

हानि = क्रय मूल्य का हानि % = ₹275 का 15% = $\frac{15}{100}\times 275$ = ₹ 41.25

इसलिए, विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य – हानि = ₹275 – ₹41.25 = ₹233.75

अतः, पुस्तक का विक्रय मूल्य ₹233.75 है।

**प्रश्न 9:**

प्रत्येक दशा में 3 वर्ष बाद कितना मिश्रधन देय होगा?

(a) मूलधन = ₹1,200, दर 12% वार्षिक

(b) मूलधन = ₹ 7,500, दर 5% वार्षिक

**उत्तर 9:**

(a) दिया है: मूलधन (P) = ₹1,200, दर (R) = 12% वार्षिक, समय (T) = 3 वर्ष

साधारण ब्याज = $\frac{P\times R\times T}{100} = \frac{1200\times 12\times 3}{100}$ = ₹ 432

इसलिए, मिश्रधन = मूलधन + साधारण ब्याज = ₹1200 + ₹432 = ₹1,632

(b) दिया है: मूलधन (P) = ₹7,500, दर (R) = 5% वार्षिक, समय (T) = 3 वर्ष

साधारण ब्याज = $\frac{P \times R \times T}{100} = \frac{7500 \times 5 \times 3}{100}$ = ₹1,125

इसलिए, मिश्रधन = मूलधन + साधारण ब्याज

= ₹7,500 + ₹1,125 = ₹ 8,625

**प्रश्न 10:**

₹56,000 पर, 2 वर्ष पश्चात किस दर से ₹280 साधारण ब्याज देय होगा?

**उत्तर 10:**

दिया है: मूलधन (P) = ₹56,000, साधारण ब्याज (S.I.) = ₹280, समय (T) = 2 वर्ष

साधारण ब्याज = $\frac{P \times R \times T}{100}$

$\Rightarrow \quad 280 = \frac{56000 \times R \times 2}{100}$

$\Rightarrow \quad R = \frac{280 \times 100}{56000 \times 2}$

$\Rightarrow \quad R = 0.25\%$

अतः, साधारण ब्याज की दर 0.25% वार्षिक है।

**प्रश्न 11:**

मीना ने 9 प्रतिशत वार्षिक दर से, 1 वर्ष पश्चात् ₹45 ब्याज के रूप में दिए। उसने कितना धन उधार लिया था?

**उत्तर 11:**

दिया है: साधारण ब्याज = ₹45, Rate (R) = 9% वार्षिक, समय (T) = 1 वर्ष

साधारण ब्याज = $\frac{P \times R \times T}{100}$

$\Rightarrow \quad 45 = \frac{P \times 9 \times 1}{100}$

$\Rightarrow \quad P = \frac{45 \times 100}{9 \times 1}$

$\Rightarrow \quad P = ₹\ 500$

अतः, मीना ने ₹500 उधार लिए थे।